संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वदेश–––पृष्ठ 04 दिनांक 15/04/2021

# नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सीवरेज कार्य को 19 अप्रैल तक पूर्ण करें- आयुक्त

रतलाम ● स्वदेश समाचार 15-4-21 नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन के अंतिम चरण का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सीवरेज कार्य स्थलों का निरीक्षण कम्पनी के इंजीनियरों के साथ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्थलों का निरीक्षण करते हुए सर्वप्रथम साक्षी पेट्रोल पम्प के पास चल रहे कार्य का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने साक्षी पेट्रोल पम्प से राधाकृष्ण मंदिर व टैंकर रोड तक डाली जाने वाली सीवरेज पाईप लाईन के संबंध में आ रही परेशानियों को दूर करने हेतु पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक के साथ स्थल का निरीक्षण कर समस्या का निराकरण किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने कम्पनी के इंजीनियर को निर्देशित किया कि जहां-जहां सीवरेज का कार्य किया जा रहा है वहां पर नागरिकों की जानकारी के लिये अनिवार्य रूप से फ्लेक्स बैनर लगाया जावे जिस पर कार्य का नाम, स्थान, कार्य आरंभ दिनांक, संभावित कार्य पूर्णता दिनां, पी.डी.एम.सी. इंजीनियर का नाम व प्रोजेक्ट इंजीनियर का नाम अंकित हो।





**बावड़ी सफाई कार्य देखा**-इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने दो मुंह की बावड़ी का निरीक्षण किया जहां पर सफाई का कार्य प्रगति पर पाया गया। आरोग्य हस्पीटल से नगर निगम तिराहे तक डली जा रही सीवरेज पाईपलाईन के कार्य के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया संसाधनों एवं कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि कर कार्य 19 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। इसी तरह दौलतगंज से घास बाजार तक खुदाई के दौरान पेयजल पाईप लाईन, नल कनेक्शन व दूरसंचार इत्यादि की केबल क्षतिग्रस्त ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे। तोपखाना से चांदनी चौक तक के क्षेत्र में समतलीकरण व पानी डालने व समय सीमा में रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित को दिये। इसी तरह हाट रोड चौराहा व हाट रोड पुलिस चौकी के पास तथा लोकेन्द्र रोड चौराहे पर चल रहे कार्य का भी निरीक्षण श्री झारिया ने कर कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान स्टेशन मोहल्ला में वर्षों पुरानी नाली की जाम समस्या के निराकरण हेतु क्रॉस ड्रेन कार्य का निरीक्षण किया जहां कार्य प्रगति पर पाया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 200 एम.ए. डाया की पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। उसका भी आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया।

### समयावधि में करें रिस्टोरेशन कार्य

सैलाना बस स्टैण्ड चौराहे के निरीक्षण के दौरान वहां लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण पाये जाने पर स्थल का समतलीकरण कर पानी डालने व मुरम चुरी डालने व इसके पश्चात नियम समयावधि में रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा चेतक ब्रीज से फर्स्ट चर्च तक का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करने निर्देश संबंधित को दिये।

# 9 अप्रैल तक पूर्ण करें

## ी सफाई का कार्य प्रगति पर



तोपखाना से चांदनी चौक तक के क्षेत्र में समतलीकरण व पानी डालने व समय सीमा में रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित को दिए। इसी तरह हाट रोड चौराहा व हाट रोड पुलिस चौकी के पास तथा लोहार रोड चौराहे पर चल रहे कार्य का भी निरीक्षण निगम आयुक्त श्री झारिया ने कर प्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान ज्ञ में वर्षों पुरानी नाली की जाम समस्या के तु क्रॉस ड्रेन कार्य का निरीक्षण किया जहां कार्य या गया।

ग के दौरान अवगत कराया गया कि हाट की चौकी 200 एम.एम. डाया की 50 मीटर, आशीर्वाद नर्सिंग होम गली से हाट रोड़ पर पुलिस चौकी तक 200 एम. एम. डाया की 150 मीटर, भांभी मोहल्ले से गौशाला चौराहा तक 160 एम.एम. डाया की 50 मीटर, गेलड़ा नमकीन से चमारिया नाका तक 200 एम.एम. डाया की 700 मीटर, नागरिक विश्राम गृह से आरोग्य हॉस्पिटल तथा निगम तिराहे तक 160 एम.एम. डाया की 230 मीटर, सैलाना बस स्टैण्ड पर व्यास बैकरी से महाराणा प्रताप प्रतिमा तक दोनो तरफ 160 एम.एम. डाया की 150 मीटर, द्वारका रेसीडेंसी से राम मंदिर तिराहा तक तथा सनसिटी से अरिहंत कॉलेज तक (सैलाना रोड) 200 एम.एम. डाया की 2392 मीटर व सांवलिया बिल्डिंग मटेरियल टैंकर रोड से शनि मंदिर गली तक 160 एम.एम. डाया की 350 मीटर व पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक के घर से साक्षी पेट्रोल पम्प तक 200 एम.एम. डाया की 120 मीटर पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है।

उक्त अवसरों पर सहायक यंत्री श्याम सोनी, ठेकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर रमेश भाई, रोहित भाई, पीडीएमसी इंजीनियर मोहित शर्मा, वैभव शर्मा, पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक, श्रेणिक जैन, पवन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# सावधानी रखे और कोरोना महामारी से बचें

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

15-4-2021

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा है कि अपने घर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखते हुए कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए तय किए गए नियमों का पालन करे और अपने और अपने परिवार को कोरोना से बचाए। यह समय बहुत ज्यादा सावधानी बरतने का है। नगर निगम अपनी अपनी टीम के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का प्रयास निरन्तर कर रही है।

कलेक्टर और नगर निगम प्रशासक गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में सफाई मित्र समूह की टीम नगर के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को कोरोना से बचाव के तरीके विस्तार से समझा रही है। इस मौके पर रंगोली के माध्यम से भी लोगों को मास्क पहनना, दो गज की दूरी और हाथों की सफाई आदि पर विशेष ध्यान दिलाया जा रहा है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों से अपील की है कि कोरोना की इस दूसरी लहर में सभी नागरिक पूरी तरह से सचेत व जागरुक रहकर अपनी सुरक्षा करे।

उन्होंने नागरिकों से आव्हान किया है कि लॉक डाउन के दौरान भी किराना, दूध और सब्जी खरीदी के बाद अपने हाथों व घरों में आई सामग्री को सैनेटाईज करे। घर या दुकान से निकलने से पहले गुणवत्ता वाला मास्क ही पहने ताकि आपकी संक्रमण से सुरक्षा हो सके।

# आयुष क़ाढ़े का वितरण किया

नईदुनिया 15-4-21



रतलाम। कोरोना महामारी पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के आदेशानुसार व आयुष अधिकारी निर्मला चौहान के मार्गदर्शन में शहर सराय स्थित श्री लक्ष्मी औषधि भंडार पर निशुल्क काढ़े का वितरण किया जा रहा है। श्री लक्ष्मी औषधि भंडार के संचालक सुशील शर्मा ने शहर की जनता से इस आयुर्वेदिक आयुष काढ़े का उपयोग कर लाभ लेने की अपील की है।

**इन संस्थानों पर होगा काढ़े का वितरण**

श्री लक्ष्मी औषधि भंडार शहर सराय, श्री गायत्री आयुर्वेद संस्थान कस्तूरबा नगर, श्री नागार्जुन आयुर्वेद भवन लक्कड़पीठा, श्री सांवरिया आयुर्वेद मित्र निवास रोड, श्री शिव कृपा आयुर्वेदिक माणकचौक, इस्माइल अब्दुल अवतार माणकचौक, श्री जायत्री आयुर्वेद भवन पैलेस रोड, पटवा जी की दुकान चौमुखी पुल, जनशक्ति सामाजिक संस्थान स्टेशन रोड, संजय आयुर्वेद पांइट राम मंदिर, जिला आयुष चिकित्सालय त्रिपोलिया गेट, चंदनमल चोटा चांदनी चौक, पं. संजय शिवशंकर विनोबा नगर पर भी आयुष काढ़े का वितरण किया जाएगा।

**आंकड़ों में गड़बड़:** एंटिजन रिपोर्ट नहीं जोड़ी जा रही

# बुधवार को 9 संक्रमित, 2 महिलाओं की कोरोना से मौत

प्रसारण 15-4-21

रतलाम. जावरा में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार पर लगाम लगाने जिले में भले ही लॉकडाउन कर दिया गया है, लेकिन कोरोना संक्रमण दुगुनी रफ्तार के साथ लगातार फैल रहा है। बुधवार को जावरा एंटिजन जांच में 9 नए संक्रमित मिले। जिसके बाद अप्रेल माह के इन 14 दिनों में ही आंकड़ा 146 तक पहुंच गया है।

इधर प्रतिदिन देर रात रतलाम से आरटीपीसीआर रिपोर्ट दी जाती है, लेकिन बीते कई दिनों से इस रिपोर्ट में जो आंकड़े बताए जा रहे है, उनमें प्रशासन खेल कर रहा है। जावरा, पिपलौदा एंटिजन जांच में जो लोग संक्रमित पाए जा रहे है, उन लोगों के नाम रतलाम से जारी होने वाली सूची में शामिल नहीं किए जा रहे है। ऐसे में रोज जो आंकड़ा वास्तविक होना चाहिए वह नही बताया जा रहा है। इधर मरने वालों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोरोना से मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं की जा रही है। चार दिन पहले कोरोना से दिवंगत हुए खाचरौद नाका निवासी की कोरोना से मौत होने की आधिकारिक जानकारी बुधवार को दी गई। जबकि बुधवार को दो और महिलाओं की मौत होने की खबर है।

बीएमओ डॉ दीपक पालड़िया ने बताया कि बुधवार को सिविल हास्पीटल पर हुई एंटिजन जांच में बुधवार को 9 मरीज मिले। रतलाम मेडिकल कॉलेज में उपचाररत जावरा की दो महिलाओं की मौत हो गई है। मंगलवार की रात में शहर के दादा मुकिम खां की गली पठान टोली में निवास करने वाली 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई थी। 11 अप्रेल को रतलाम रेफर किया था। वहीं बुधवार को सुबह नृसिहपुरा में ही निवास करने वाली 68 वर्षीय महिला की भी मौत हो गई। जिन्हें 9 अप्रेल को रतलाम रेफर किया गया था।

# मास्क नहीं लगाने पर होगा जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम मे मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। म.प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अन्तर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छींकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है। नागरिकों से अपील है कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगायें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

प्रसारण 15-4-21

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार-प्रसारण---पृष्ठ 09....दिनांक 15/04/...2021

# शहर में शेष चल रहे सीवरेज का कार्य 1

## - निगम आयुक्त श्री झारिया ने दिए निर्देश - दो मुंह की बावड़ी 

प्रसारण न्यूज • रतलाम

15-4-2021

कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन के अंतिम चरण का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण किए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सीवरेज कार्य स्थलों का निरीक्षण कम्पनी के इंजीनियरों के साथ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्थलों का निरीक्षण करते हुए सर्वप्रथम साक्षी पेट्रोल पम्प के पास चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साक्षी पेट्रोल पम्प से राधाकृष्ण मंदिर व टैंकर रोड तक डाली जाने वाली सीवरेज पाईप लाईन के संबंध में आ रही परेशानियों को दूर करने हेतु पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक के साथ स्थल का निरीक्षण कर समस्या का निराकरण किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने कम्पनी के इंजीनियर को निर्देशित किया कि जहां-जहां सीवरेज का कार्य किया जा रहा है वहां पर नागरिकों की जानकारी के लिये अनिवार्य रूप से फ्लेक्स बैनर लगाया जाये जिस पर कार्य का नाम, स्थान, कार्य आरंभ दिनांक, संभावित कार्य पूर्णता दिनां, पी.डी.एम.सी. इंजीनियर का नाम व प्रोजेक्ट इंजीनियर का नाम अंकित हो।

सैलाना बस स्टैण्ड चौराहे के निरीक्षण के दौरान वहां लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्थल का समतलीकरण कर पानी डालने व मुरम चुरी डालने व इसके पश्चात नियम समयावधि में रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा चेतक ब्रीज से फर्स्ट चर्च तक का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करने निर्देश संबंधित को दिये।



इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने दो मुंह की बावड़ी का निरीक्षण किया जहां पर सफाई का कार्य प्रगति पर पाया गया। आरोग्य हास्पीटल से नगर निगम तिराहे तक डाली जा रही सीवरेज पाईप लाईन के कार्य के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया संसाधनों एवं कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि कर कार्य 19 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

इसी तरह दौलतगंज में गेलेक्स नमकीन से घांस बाजार तक के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि कार्य में ओर अधिक गति लाई जाये साथ ही खुदाई के दौरान पेयजल पाईप लाईन, नल कनेक्शन व दूरसंचार इत्यादि की केब्बल क्षतिग्रस्त ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

कार्य 19 
खटीक 
निराकरण 
प्रगति पर 
निरी
चौराहा प

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–अग्रज––––पृष्ठ 1.1...दिनांक 15/04/...2021

# संक्रमण की कमी में जागरूक रहा और अधिकता में लापरवाह हुआ नगर निगम

रतलाम। कोरोना संक्रमण को लेकर रतलाम सहित पूरे देश-प्रदेश में आम लोगों और शासन-प्रशासन की व्यवस्था का दोहरा रूप दिख रहा है। पिछले साल जब संक्रमण कम फैला था, तो सभी जगह जागरूकता अधिक रही, लेकिन इस साल जब संक्रमण तेजी से फैल रहा और निर्दोष लोगों की जानें भी जा रही हैं, तो सारी व्यवस्था लापरवाह हो गई है। नगर निगम भी पिछले साल जब मरीजों की संख्या कम थी, तो शहर में दिन-रात सेनीटाईजेशन की व्यवस्था करा रहा था, लेकिन इस साल जब मरीजों की संख्या 1000 से अधिक है, तो कहीं सेनीटाईजेशन नहीं हो रहा है।

कोरोना को लेकर हर वर्ग की इस साल लापरवाही दिख रही है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक आव्हान पर पूरे देश ने 22 मार्च को जनता कर्फ्यू को सफल बना दिया था। उस समय कोरोना का आगमन ही हुआ था, इसलिए लोगो के साथ शासन-प्रशासन की पूरी व्यवस्था ने उसका जोशपूर्वक सामना किया था, मगर अब जबकि इसने गली-गली और मोहल्ले-मोहल्ले को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है, तो आम लोगों के साथ पूरी व्यवस्था लापरवाही प्रदर्शित कर रही है।

नगर निगम का अमला जहाऐ कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए कहीं भी सेनीटाईजेशन नहीं कर रहा, वहीं प्रशासन के अन्य विभाग लोगों को लॉक डाउन का पालन

..शेष पृष्ठ 2 पर

पृष्ठ 1 का शेष संक्रमण की कमी

करने के लिए बाध्य नहीं कर रहे। मेडिकल कालेज में पिछले साल रोज अधिकारी स्वस्थ होकर जाने वाले मरीजों को तालियां बजाकर विदा करने जाते और उनकी हौंसला आफजाई करते थे, इस बार बमुश्किल दो-तीन बार ही जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ऐसे दृश्य निर्मित हुए हैं। यही हाल पुलिस का है। पिछले साल जिस प्रकार सख्ती उसने दिखाई थी, वैसी अब नहीं है। इससे लोग निरंकुश होकर घूम-फिर रहे हैं और कोरोना की रफ्तार लगातार बढ़ रही है। पिछले साल से इस साल का दृश्य पूरा बदला हुआ है। ऐसी स्थिति में हर नागरिक का अधिक जागरूक होना आवश्यक है। विडंबना है कि हर स्तर पर सिर्फ लापरवाही दिख रही है। लोगों को जान से अधिक सुविधा प्यारी दिख रही है।

**आम लोग भी बाज नहीं आ रहे**

कोरोना महामारी से बचाव के लिए मास्क को सबसे अचूक शस्त्र बताया गया है। इसके साथ दो गज दूरी का पालन करने और समय-समय पर सेनीटाईजर का उपयोग करने एवं साबुन से बार-बार हाथ धोने पर बल दिया गया है, लेकिन आम लोगों में इन चारों फार्मूलों को लेकर लापरवाही बनी हुई है। पुलिस और प्रशासन लगातार चालानी कार्यवाही कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी स्थितियां नहीं बदल रही हैं। इससे जाहिर है कि आम लोगों की लापरवाही भी कोरोना की रफ्तार को बढ़ाने में सहायक रही है।

साप्ताहिक अग्रज
15-4-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अपनी दुनिया पृष्ठ 06 दिनांक 15/04/2021

# निगम आयुक्त द्वारा सीवरेज कार्य का निरीक्षण

## कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश, दो मुंह की बावड़ी के कचरे की सफाई करने के दिये निर्देश

**रतलाम।** नगर के नागरिकों को गंदे पानी की समस्या से मुक्ति दिलाये जाने हेतु नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन का कार्य अंतिम चरण में है, अंतिम चरण का कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण हो इस उद्देश्य से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ विभिन्न स्थानों पर चल रहे शेष कार्यों का निरीक्षण कर कम्पनी के इंजीनियर को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। सीवरेज कार्य के तहत निगम आयुक्त श्री झारिया ने सर्वप्रथम दौलतगंज में चल रहे कार्य कार्य का निरीक्षण डाली जाने वाली शेष लाईन की लम्बाई व गहराई की जानकारी संबंधित कम्पनी के इंजीनियर से लेकर पाईप लाईन डलने के बाद रोड लेवल तक भराव कर पानी डालने मटेरियल दबने के



बाद मुरम डालने व रोलर चलवाने के बाद रिस्टोरेशन कार्य करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने तोपखाना से चांदनी चौक तक चल रहे रिस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि रिस्टोरेशन कार्य पुरी गुणवत्ता के साथ किया जाये। इसके अलावा उन्होने गौशाला रोड चौराहा, हाट की चौकी, हाट रोड, महाराणा प्रताप चौक, सैलाना ओवर ब्रीज के पास व साक्षी पेट्रोल पम्प के पास चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण कर कम्पनी के इंजीनियर को निर्देशित किया कि वे शेष कार्य को तीव्र गति से व पुरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें तथा कार्य के दौरान बेरिकेटिंग करने व कार्य का नाम, कार्य प्रारंभ की दिनांक, कार्य पूर्ण करने की दिनांक, कार्य की लम्बाई, इंजीनियर का नाम आदि का फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने दो मुंह की बावड़ी का निरीक्षण किया तथा बावड़ी के वर्षो पुराने कचरे को हटाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये ताकि प्राचीन जल स्त्रोत का पानी दूषित ना हो। खटीक मोहल्ला में वर्षो पुरानी नाली की जाम समस्या के निराकरण गत रात्री को नाली के जाम को खुलवाने हेतु प्रारंभ किये गये कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर पृष्ठ 20 दिनांक 15/04/2021

**कोरोना की दूसरी लहर** • अस्पताल पहुंच रहे संक्रमितों को गंभीर होने पर ही ले रहे

# निजी अस्पताल से लेकर मेडिकल कॉलेज तक में ऑक्सीजन की कमी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

15-4-2021


संक्रमण के कारण अस्पतालों की हालत खराब है। निजी अस्पतालों को होने वाली ऑक्सीजन सप्लाई ठप है। शहर के आईसीयू बेड फुल है। कोविड मरीज बेड के लिए परेशान हैं। लिक्विड ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण एक प्लांट बंद हो गया है। उम्मीद है कल प्लांट चालू हो जाए।

मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. शशि गांधी ने बताया कॉलेज में सिर्फ इतनी ऑक्सीजन थी कि दोपहर 2.30 बजे तक चलती। कारण लिक्विड ऑक्सीजन नहीं मिलना था। सभी प्रयासों में जुट गए। शुक्र है ऑक्सीजन खत्म होने से पहले सुबह लिक्विड ऑक्सीजन मिल गई। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेंडरों की डिमांड लगातार बढ़ रही है। अभी पूर्ति हो रही है।

## गुजरात बार्डर से एम्बुलेंस जैसे पहुंचा ऑक्सीजन टैंकर, स्पेशल गार्ड लगाया

मेडिकल कॉलेज में दोपहर 2.30 बजे तक की ही ऑक्सीजन बची थी। सप्लाई ठप ना हो जाए इसलिए पूरा प्रशासनिक अमला एक्शन मोड में आ गया। ऑक्सीजन टैंकर गुजरात बॉर्डर पर पहुंचने वाला था, ऐसे में कलेक्टर ने टैंकर को रतलाम तक लाने के लिए पायलेटिंग टीम भेजी जिससे कि रास्ते में कोई टैंकर को न रोके।

## राहत : फिर होने लगा सैनिटाइजर का छिड़काव



कोरोना की दूसरी लहर को काबू करने के लिए नगर निगम ने सैनिटाइजर का छिड़काव फिर चालू कर दिया है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया बुधवार को धानमंडी/थावरिया बाजार, सेठजी का बाजार, रामदेवजी की घाटी, कोठारीवास, नागरवास, पैलेस रोड, डालूमोदी बाजार सहित माणकचौक क्षेत्र में फायर लॉरी, जबकि गलियों में ट्रैक्टर से सैनिटाइजेशन किया गया।

## विधायक से मिले, आज मिल सकता है लिक्विड

इधर, ऑक्सीजन की किल्लत देख अस्पताल संचालक विधायक चेतन्य काश्यप के पास पहुंचे। विधायक ने मालवा ऑक्सीजन से चर्चा कर अस्पतालों को ऑक्सीजन उपलब्ध करवाई। महावीर ऑक्सीजन प्लांट को लिक्विड ऑक्सीजन नहीं मिलने को लेकर विधायक ने इंदौर चर्चा की। गुरुवार तक महावीर ऑक्सीजन को लिक्विड ऑक्सीजन मिलने की संभावना है।

## ऑक्सीजन प्लांट संचालक बोले : लिक्विड मिलने के बाद ही प्लांट शुरू हो सकेगा

### गुजरात-छत्तीसगढ़ ने रोकी सप्लाई

*प्लांट बंद है। गुजरात और छत्तीसगढ़ से लिक्विड ऑक्सीजन आ रही थी, जो मिलना बंद हो गई है। लिक्विड मिलने के बाद ही प्लांट चालू कर पाएंगे। प्राइवेट अस्पताल को सप्लाई देते हैं।*

**संतोष पितलिया**, संचालक, महावीर ऑक्सीजन प्लांट

### मेडिकल कॉलेज को सप्लाई जारी

*हम सिर्फ मेडिकल कॉलेज को सप्लाय दे रहे हैं। नए ऑर्डर नहीं ले रहे हैं। शहर के बाहर सप्लाई बंद है। डिमांड लगातार बढ़ रही है। अभी परेशानी की स्थिति नहीं है।*

**संदीप व्यास**, मालवा ऑक्सीजन प्लांट

## निजी अस्पताल संचालक बोले : ऑक्सीजन की सप्लाई नहीं मिल रही

### अन्य अस्पताल में रेफर करना पड़ रहे हैं मरीज

*ऑक्सीजन की सप्लाई नहीं हो सकी है। मरीजों को अन्य अस्पताल रेफर करना पड़ रहा है।*

**डॉ. सुरेंद्र गोस्वामी**, डायरेक्टर, जीवांश अस्पताल, रतलाम

### बेड नहीं हैं, ऑक्सीजन सिर्फ मरीजों के लिए

*अस्पताल में बेड नहीं है। ऑक्सीजन बाहर वालों को नहीं दे रहे। सिर्फ गंभीर मरीजों के लिए ही है।*

**स्टाफ**, सीएचएल

### अस्पताल में जगह नहीं बची, ऑक्सीजन जरूरी

*अस्पताल में बिल्कुल जगह नहीं है। ऑक्सीजन की परेशानी है। इसकेके अभाव में मरीज को रेफर करना पड़ रहा है।*

**डॉ. राजेश शर्मा**, आयुष ग्राम

# नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता में रतलाम नगर बनेगा नम्बर 1

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

15-4-2021

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर के सभी 49 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है जिसके तहत स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी किया जा रहा है इस कार्य में रतलाम नगर के नागरिक भी जागरूक हो चुके है नागरिकों के सहयोग से ही रतलाम नगर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नम्बर 1 बनेगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने से वार्डो की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वयं गीले एवं सूखे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है।

निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाडी को बेचा जा रहा है जिसका कबाडी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

वार्डो में कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला।

संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरो एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जाएगा।

गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जावे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका –पृष्ठ 18 दिनांक 15/04/2021

रतलाम में मौत की संख्या बढ़ोतरी के बीच संक्रमण से बचाव के इंतजामों का भी दावा

# रतलाम मेडिकल कॉलेज से एक दिन में अंतिम संस्कार के लिए निकले 25 शव

## हालात बेकाबू हुए: मुक्तिधाम में जगह कम पड़ने पर गेट के बाहर रखकर शवों को जलाया गया

**शेड में जगह नहीं: मुक्तिधाम में इस तरह से हो रहा अंतिम संस्कार**



### मृतकों में कुछ पॉजिटिव मरीज थे तो कुछ संदिग्ध

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 15/4/2021

रतलाम. रतलाम में लगातार बढ़ती कोरोना मरीजों की संख्या के बाद अब आंखों के सामने मौत का मंजर नजर आने लगा है। मेडिकल कॉलेज से बुधवार को सुबह से शाम ढलने तक 25 शवों को अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम पहुंचाया गया था जो कि अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। मृतकों में कुछ कोरोना पॉजिटिव मरीज थे तो कुछ संदिग्ध मरीज थे जिनकी मौत हुई है। इनके अतिरिक्त भी करीब पांच से छह शव अस्पताल में रखे थे जो कि अंधेरा होने के चलते अंतिम संस्कार के लिए नहीं ले जाए जा सके।

कोरोना संदिग्ध और पॉजिटिव आए मृतक के शवों का अंतिम संस्कार भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम में किया जा रहा है। बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक यहां रिकार्ड शवों को अंतिम संस्कार किया गया। हालात इस कदर हो चुके हैं कि अब मुक्तिधाम में शव जलाने के लिए जगह नहीं बची है जिसके चलते मेडिकल कॉलेज से निकल रहे शवों का अब मुक्तिधाम के गेट के पास की जगह पर लकड़ियां लगाकर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम में शाम 7 बजे तक 21 शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका था और एक शव और यहां लाया जा रहा था जबकि दो शवों का अंतिम संस्कार जवाहर नगर मुक्तिधाम में किया गया और शव को कब्रिस्तान पहुंचाया जाना बताया जा रहा है।

### तो कम पड़ जाएगी लकड़ियां

भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम के प्रबंधक रामसिंह पहलवान ने बताया कि यदि इसी तरह से यहां पर शव आते रहे तो अधिकतम 50 से 60 शवों का अंतिम संस्कार किया जा सके सिर्फ इतनी ही लकड़ियां बची हैं। उससे अधिक शव आने की स्थिति में लकड़ियों की अलग से व्यवस्था करना होगी जो कि हमारे पास नहीं है। बुधवार को भी जगह की कमी के चलते तय स्थान से हटकर नीचे एक तरफ शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

### यहां जताया विरोध

वहीं दूसरी और जवाहर नगर मुक्तिधाम में कोरोना संदिग्ध मरीजों के अंतिम संस्कार किए जाने पर यहां से जुड़े लोगों ने आपत्ति ली है। उनकी माने तो मेडिकल कॉलेज और अन्य अस्पतालों से जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है, उन्हें भी यहां पर दाह संस्कार के लिए पहुंचाया जा रहा है। जवाहर नगर का मुक्तिधाम चारों ओर घना रहवासी इलाका है, दाह संस्कार के बाद उठने वाला धुआं और असहनीय दुर्गंध से आसपास का माहौल तथा लोगों में भी भय व्याप्त हो रहा है। ऐसे में इस महामारी के काल में किसी अन्यत्र स्थान पर अस्पताल से आने वाले मृतजनों का दाह संस्कार की व्यवस्था की जाए। उक्त मांग क्षेत्र के पंडित संजय शिवशंकर दवे, मुकेश मीणा, लोकेंद्रसिंह, राजेंद्रसिंह ने कलेक्टर से की।

### शव बांधने के लिए बढ़ाए कर्मचारी

मेडिकल कॉलेज में लगातार होती मौत के चलते यहां पर सुबह के समय सिर्फ दो लोग ही शवों को बांधकर मुक्तिधाम तक पहुंचा रहे थे। इस बात की जानकारी एसपी को मिलने के बाद वह पीछे गए और वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उसके बाद डीन को बोलकर यहां पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई, जिसके बाद इस काम ने गति पकड़ी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अवन्तिका --पृष्ठ 05 दिनांक 15/04/2021

# शेष चल रहे सीवरेज का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करें

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने दिये निर्देश
## दो मुंह की बावड़ी की सफाई का कार्य प्रगति पर



दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम
15-4-2021

कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन के अंतिम चरण का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सीवरेज कार्य स्थलों का निरीक्षण कम्पनी के इंजीनियरों के साथ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्थलों का निरीक्षण करते हुए सर्वप्रथम साक्षी पेट्रोल पम्प के पास चल रहे कार्य का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने साक्षी पेट्रोल पम्प से राधाकृष्ण मंदिर व टैंकर रोड तक डाली जाने वाली सीवरेज पाईप लाईन के संबंध में आ रही परेशानियों को दूर करने हेतु पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक के साथ स्थल का निरीक्षण कर समस्या का निराकरण किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने कम्पनी के इंजीनियर को निर्देशित किया कि जहां-जहां सीवरेज का कार्य किया जा रहा है वहां पर नागरिकों की जानकारी के लिये अनिवार्य रूप से फ्लेक्स बैनर लगाया जाये जिस पर कार्य का नाम, स्थान, कार्य आरंभ दिनांक, संभावित कार्य पूर्णता दिनां, पी.डी.एम.सी. इंजीनियर का नाम व प्रोजेक्ट इंजीनियर का नाम अंकित हो।

सैलाना बस स्टैण्ड चौराहे के निरीक्षण के दौरान वहां लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्थल का समतलीकरण कर पानी डालने व मुरम चुरी डालने व इसके पश्चात नियम समयावधि में रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा चेतक ब्रीज से फर्स्ट चर्च तक का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करने निर्देश संबंधित को दिये।

इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने दो मुंह की बावड़ी की निरीक्षण किया जहां पर सफाई का कार्य प्रगति पर पाया गया। आरोग्य हास्पीटल से नगर निगम तिराहे तक डाली जा रही सीवरेज पाईप लाईन के कार्य के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया संसाधनों एवं कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि कर कार्य 19 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।


इसी तरह दौलतगंज में गेलेड़ा नमकीन से घांस बाजार तक के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि कार्य में ओर अधिक गति लाई जाये साथ ही खुदाई के दौरान पेयजल पाईप लाईन, नल कनेक्शन व दूरसंचार इत्यादि की केबल क्षतिग्रस्त ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

तोपखाना से चांदनी चौक तक के क्षेत्र में समतलीकरण व पानी डालने व समय सीमा में रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित को दिये। इसी तरह हाट रोड चौराहा व हाट रोड पुलिस चौकी के पास तथा लोहार रोड चौराहे पर चल रहे कार्य का भी निरीक्षण निगम आयुक्त श्री झारिया ने कर कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान खटीक मोहल्ला में वर्षो पुरानी नाली की जाम समस्या के निराकरण हेतु क्रॉस डेऊन कार्य का निरीक्षण किया जहां कार्य प्रगति पर पाया गया।

निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि हाट की चौकी चौराहा पर 200 एम.एम. डाया की 50 मीटर, आशीर्वाद नर्सिंग होम गली से हाट रोड पर पुलिस चौकी तक 200 एम.एम. डाया की 150 मीटर, भाभी मोहल्ले से गौशाला चौराहा तक 160 एम.एम. डाया की 50 मीटर, गेलड़ा नमकीन से चमारिया नाका तक 200 एम.एम. डाया की 700 मीटर, नागरिक विश्राम गृह से आरोग्य हॉस्पिटल तथा निगम तिराहे तक 160 एम.एम. डाया की 230 मीटर, सैलाना बस स्टैण्ड पर व्यास बैकरी से महाराणा प्रताप प्रतिमा तक दोनो तरफ 160 एम.एम. डाया की 150 मीटर, द्वारका रेसीडेंसी से राम मंदिर तिराहा तक तथा सनसिटी से अरिहंत कॉलेज तक (सैलाना रोड) 200 एम.एम. डाया की 2392 मीटर व सांवलिया बिल्डिंग मटेरियल टैंकर रोड से शनि मंदिर गली तक १६० एम.एम. डाया की 350 मीटर व पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक के घर से साक्षी पेट्रोल पम्प तक 200 एम.एम. डाया की 120 मीटर पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है।

उक्त अवसरो पर सहायक यंत्री श्याम सोनी, ठेकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर रमेश भाई, रोहित भाई, पीडीएमसी इंजीनियर मोहित शर्मा, वैभव शर्मा, पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक, श्रेणिक जैन, पवन शर्मा आदि उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रसारण ----पृष्ठ 10 ....दिनांक 15/04/ ...2021




## कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य

नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व टैक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। इसके अलावा 50 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, शासकीय कार्यालय आदि में सेनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

## मृत्यु दर 1.70 प्रतिशत हुई, 14 दिन में 34 मरीजों ने दम तोड़ा

# हालात होने लगे बेकाबू : चार मौत, 140 नए मरीज मिले

15-4-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना से अप्रैल में प्रतिदिन मौत का आंकड़ा करीब तीन हो गया है। 14 दिन में 34 मरीजों की मौत हो चुकी है। इधर मेडिकल कालेज में नए गंभीर मरीजों के लिए बेड नहीं हैं। सामान्य लक्षण वालों को भी उपचार के लिए भर्ती होने में समय लग रहा है। संक्रमण की दूसरी लहर कहर बरपा रही है। बुधवार को 140 नए मरीज मिले जबकि चार मौत हो गई, इसमें रतलाम ग्रामीण अनुभाग के एसडीओपी मानसिंह चौहान भी शामिल हैं। वे लंबे समय से मेडिकल कालेज में उपचाररत थे।

कोरोना काल में अब तक 7140 पाजिटिव मिले और 5924 स्वस्थ हो गए। बुधवार को 100 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अप्रैल माह के पहले सप्ताह तक सक्रिय मरीजों की संख्या 650 से 700 के बीच थी जो अब एक हजार से अधिक हो गई है। रिकवरी रेट घटते हुए 83 प्रतिशत पहुंच गया है। मृत्यु दर 1.70 प्रतिशत हो गई है।


### मौत के दो दिन बाद स्वजन से पूछा मरीज की तबीयत कैसी है

कोविड मरीजों को होम आइसोलेशन व अन्य सुविधा देने के लिए ई–वक्ष केंद्र पर जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। यहां से मरीजों को फोन पर जरूरी जानकारी देकर उपचार की सलाह दी जाती है। गत दो दिन पूर्व कोरोना से मृत महिला के स्वजन को बुधवार को केंद्र से फोन लगाकर पूछा कि मरीज की तबीयत कैसी है। मेडिकल कालेज व स्वास्थ्य विभाग सहित जिला प्रशासन में समन्वय की कमी का खामियाजा मरीज भुगत रहे हैं।

### निभा रहीं अपनी भूमिका

कोरोना महामारी से निपटने में सभी विभागों में महिला अधिकारी-कर्मचारी भी अपनी भूमिका पूरी शिद्दत से निभा रही हैं। इस दौरान स्वजनों की चिंता भी बनी रहती है, लेकिन कर्तव्य पालन में महिलाओं ने भी अपने को आगे बनाए रखा है। गांव हो या शहर, सभी जगह महिला अधिकारी, कर्मचारी संक्रमण के खतरे के बीच अपनी भूमिका निभा रही हैं।


### खुद संक्रमित हुई, मां को खोया




- मैं एक बैंक कर्मचारी हूं। ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना व उनकी समस्या का निदान करना ही हमारा कार्य है। कोरोना काल में भी हम सभी साथी लोग निष्ठा और लगन के साथ अपना योगदान दे रहे हैं। मुझे गर्व है कि इस कोरोना काल में सेवाएं प्रदान करने का अवसर मिला। इसमें मुझे अपने परिवार और स्टाफ का पूरा योगदान प्राप्त हो रहा है। मैं कोरोना संक्रमण की चपेट में आई थी और मेरी वजह से मेरी मां को भी संक्रमण हुआ। उन्हें बचाया नहीं जा सका, लेकिन कर्तव्य भी पूरा करना है। सभी को मास्क लगाने और दो गज दूरी बनाने रखने का पालन करना चाहिए।
**–सुरेखा विजयवर्गीय, भारतीय स्टेट बैंक, एडीबी जावरा**



- गांव में ग्रामीणों को कई तरह के कार्यों के लिए हमारी जरूरत पड़ती है। शासकीय सेवा में होने के चलते हमारा भी दायित्व है कि विषम परिस्थितियों में भी आमजन को सेवाएं मिलती रहे। संक्रमित होने का खतरा बना रहता है, कई बार भीड़ में भी जाना पड़ता है। इन सबके बावजूद इस महामारी में सभी को अपनी जिम्मेदारी निभाना ही होगी। हम भी यही कर रहे हैं। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए ग्रामीणों के काम समय पर पूरे हो जाएं और उन्हें परेशानी भी नहीं हो, यही प्रयास रहता है।
**–नीमा पाटीदार, ग्राम सचिव अम्लेटा**




- स्वास्थ्य सेवा में होने के कारण इस समय हमसे सर्वाधिक अपेक्षा है। ऐसे में काम का दबाव भी दो गुना हो गया है। कोरोना संक्रमण से बचाव के साथ एमसीएच में सभी मरीजों को उपचार देने में तत्परता से काम कर रहे हैं। खतरा तो है, पर जिम्मेदारी निभाने की भावना से ही सर्वोपरि है। एक दूसरे को जागरूक करते हुए सही उपचार के साथ काम करेंगे तो सब बेहतर होगा। स्वजन भी हमारे लिए चिंतित रहते हैं। आमजन की अपेक्षा पर इस महामारी में खरे उतर गए।



- कोरोना संक्रमण विकराल रूप लेता जा रहा है। संक्रमण से बचाव के रास्ते नहीं अपनाने से स्थिति और भयावह हो जाएगी। बचाव के लिए दो गज की दूरी और मास्क पहनना जरूरी है।
**- राकेश मंडवारिया, अभिभावक**



- अभी कोरोना से बचाव के लिए सभी लोगों को शारीरिक दूरी का पालन करना चाहिए। मास्क लगाना अनिवार्य है। बाजार में भीड़–भाड़ से दूरी बनाना जरूरी है। **- लक्ष्मीनारायण पाटीदार, पटवारी**



- लापरवाही बरतने से संक्रमण तेजी से फैल रहा है। कई लोग नादानी कर रहे हैं। खामियाजा दूसरों को भुगतना पड़ रहा है।
**-सुमित्रा सांवरलाल तिवारी, गृहिणी**

# काश ! शहर के सभी नालों की सुध लेवें निगमायुक्त

उपग्रह 15-4-21

रतलाम। लॉकडाउन में सीवरेज लाइन का काम देखने निकले निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को हाट रोड मरी माता मंदिर के पास गंदा पानी बहता मिला, तो सीवरेज लाइन फूटने की आशंका में उसकी जांच कराई। रहवासियों ने जब उन्हें बताया कि खटीक मोहल्ले की तरफ जाने वाली सड़क के नीचे का नाला आठ-दस साल से जाम है, तो तत्काल जेसीबी बुलवाकर नाले का ऊपरी भाग खुलवाकर उसकी सफाई करवा दी गई।

इससे देखते ही देखते कुछ ही देर में सालों से जाम नाला खुल गया और खटीक मोहल्ला सहित आसपास के मोहल्ले की जाम नालियां बहने लगीं। निगमायुक्त की यह सक्रियता देख सभी क्षेत्रवासियों ने खुश होकर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। निगमायुक्त ने सीवरेज लाइन की दृष्टि से सैलाना बस स्टैंड, हाट की चौकी, गोशाला रोड, कॉलेज रोड सहित अन्य स्थानों पर चल रही खुदाई का कार्य भी देखा। लेकिन उन्हें कहीं और नालों के जाम होने की स्थिति नहीं दिखाई दी। इसलिए उनका ध्यान अन्य नालों की सफाई पर नहीं गया, लेकिन वर्तमान में सभी नालों में सफाई की जरूरत है। दरअसल अप्रैल महीना चल रहा है और जून में बारिश शुरू हो जाती है। बारिश के दौरान शहर के अधिकांश नाले रहवासियों के लिए समस्या पैदा करने वाले बन जाते हैं। इन नालों के कारण कुछ निचली बस्तियों में पानी भर जाता है और कई जगह घरों में पानी भरने की नौबत आ जाती है।

पिछले दिनों उपग्रह ने पावर हाउस रोड पर निकलने वाले गोमदडे की पुलिया से शास्त्री नगर तरफ जाने वाले नाले में कचरा एकत्र होने का समाचार प्रकाशित किया था। इस नाले में आज भी ऐसे ही दृश्य आम हैं। इसी तरह इसी नाले के शास्त्री नगर में श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के पास नाले में कचरा जमा है और नाले के पानी का सहज बहाव नहीं हो रहा है। नालों की सफाई के लिए नगर निगम हर साल अभियान चलाता आया है, लेकिन पिछले एक-दो साल से यह अभियान समय पर शुरू नहीं हो रहा है। इससे बारिश के दौरान बहुत समस्या आती है। निगमायुक्त ने जिस प्रकार खटीक मोहल्ले के नाले को साफ कराकर सालों की समस्या का समाधान किया है, उसी प्रकार यदि शहर के सभी प्रमुख नालों की समय रहते सफाई करा दी जाए, तो वर्षाकाल में शहरवासियों को बहुत राहत मिल जाएगी।

# आक्सीजन, रेमडेसिविर, बेड सहित हर जरूरी चीज का संकट


## बड़ी चुनौती : अन्य जिलों से भी आ रहे मरीज, प्रभारी मंत्री ने दिया है दो दिन का आश्वासन, 24 घंटे बीते


रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना अब बेहद घातक हो गया है। रतलाम मेडिकल कालेज में गंभीर मरीजों के लिए बेड नहीं है। जरूरी दवाओं के लिए मरीजों के स्वजन भटक रहे हैं। इसके बावजूद वैकल्पिक इंतजामों को लेकर प्रशासन के इंतजामों की चाल बेहद धीमी है। कालेज के शवघर से मुक्तिधाम तक एंबुलेंस से शवों को ले जाने का क्रम सुबह से शुरू हो जाता है जो शाम तक चलता रहता है। न केवल रतलाम बल्कि झाबुआ, मंदसौर, नीमच सहित अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में मरीज रतलाम पहुंच रहे हैं। रेमडेसिविर की किल्लत फिर से होने लगी है।

कोविड को लेकर जिला प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा दो दिन में व्यवस्थाओं को सुधारने का दावा कर गए, इसमें से 24 घंटे बुधवार को पूरे हो गए। इंतजाम कितने बेहतर हुए यह तो आगे दिखेगा, लेकिन बुधवार को मेडिकल कालेज में मरीज के स्वजन परेशान होते रहे। इधर रोज आ रहे नए मरीजों में कम लक्षण वालों के लिए बरोठ माता मंदिर के समीप ऐसे मरीजों के लिए नवीन कन्या परिसर में 50 बेड का सेंटर खोला गया है। यहां भी तय व्यवस्था में कई कमियां हैं।



मेडिकल कालेज में हेल्प डेस्क पर मरीजों के स्वजनों की भीड़ जमा रहती है। •नईदुनिया





डाट की पुल क्षेत्र में ठेले पर सब्जी बेचती हुई महिला। •नईदुनिया

### मुक्तिधाम में कम पड़ी लकड़ी अस्थि संचय में भी विवाद

कोरोना से हो रही मौतों में शव का अंतिम संस्कार भी रतलाम में भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम में किया जा रहा है। बुधवार को जवाहर नगर मुक्तिधाम में भी शवदाह किया गया। त्रिवेणी मुक्तिधाम में दो दिन पूर्व अंतिम संस्कार के बाद बुधवार को स्वजन अस्थि संचय के लिए पहुंचे तो शवदाह वाली जगह अस्थियां नहीं मिली। इससे स्वजनों का वहां के व्यवस्थापक से विवाद भी हो गया। इधर ज्यादा शव आने से मुक्तिधामों में लकड़ी भी कम पड़ रही हैं।



लाकडाउन में घूमने वालों से पूछताछ करते थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला। •नईदुनिया

### मेडिकल कालेज नर्सिंग स्टाफ में 27 की भर्ती

मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब मेडिकल कालेज में नर्सिंग स्टाफ भी बढ़ाया जा रहा है। इसमें पद भरने तक प्रतिदिन इंटरव्यू कर नियुक्ति की जा रही है। बुधवार को 27 अभ्यर्थी पहुंचे जिन्हें नियुक्ति दी गई। कुल 153 पदों पर भर्ती की जाना है। शेष 126 पद भरने तक लगातार मेडिकल कालेज में इंटरव्यू की प्रक्रिया चलती रहेगी।

### निजी अस्पतालों में आक्सीजन की कमी

कोविड को लेकर शहर के निजी अस्पतालों में आक्सीजन की आपूर्ति गड़बड़ा गई है। इसके चलते अस्पताल से मरीजों की छुट्टी की जा रही है। गंभीर मरीजों को ऐसे में खतरा बढ़ गया है। बुधवार को मेडिकल कालेज में 10 हजार लीटर आक्सीजन का टैंकर पहुंचा, जिससे आपूर्ति सामान्य रही। यहां भी गंभीर मरीजों को आक्सीजन दी जा रही है।

### मरीजों से मिले स्वजन

बुधवार को आइसीयू व एचडीयू में भर्ती मरीजों के स्वजनों को 10-10 के क्रम में मरीजों से मिलने दिया गया। मंगलवार को रतलाम आए कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को स्वजनों ने मरीजों से नहीं मिलने देने की शिकायत की थी। इसके बाद यह व्यवस्था की गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका—पृष्ठ 07 दिनांक 15/04/2021

आयुक्त ने किया कई मोहल्लों में निरीक्षण

# निगम आयुक्त ने सीवरेज पाइप जोड़ के लिए 19 अप्रेल तक की मियाद तय की

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 15/4/2021




रतलाम. नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शहर में सीवरेज के जोड़ को जोड़ने के चल रहे कार्य को 19 अप्रेल तक पूरा करने को कहा है। आयुक्त ने शहर के कई मोहल्लों में निरीक्षण किया व अलग-अलग निर्माण कार्यो को देखा।

निगम आयुक्त झारिया ने निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पम्प से राधाकृष्ण मंदिर व टैंकर रोड तक डाली जाने वाली सीवरेज पाईप लाईन के संबंध में आ रही परेशानियों को दूर करने हेतु पूर्व पार्षद सीमा टांक के साथ स्थल का निरीक्षण कर समस्या का निराकरण किया। सैलाना बस स्टैण्ड चौराहे के निरीक्षण के दौरान वहां लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण पाये जाने पर निगम आयुक्त झारिया ने स्थल का समतलीकरण कर पानी डालने व मुरम चुरी डालने व इसके पश्चात नियम समयावधि में रिस्टारेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा चेतक ब्रीज से फर्स्ट चर्च तक का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करने निर्देश संबंधित को दिये।

दौलतगंज में नमकीन दुकान से घांस बाजार तक के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि कार्य में ओर अधिक गति लाई जाये साथ ही खुदाई के दौरान पेयजल पाईप लाईन, नल कनेक्शन व दूरसंचार इत्यादि की केबल क्षतिग्रस्त ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। तोपखाना से चांदनी चौक तक के क्षेत्र में समतलीकरण व पानी डालने व समय सीमा में रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश निगम आयुक्त झारिया ने संबंधित को दिये। इसी तरह हाट रोड चौराहा व हाट रोड पुलिस चौकी के पास तथा लौहार रोड चौराहे पर चल रहे कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान खटीक मोहल्ला में वर्षो पुरानी नाली की जाम समस्या के समाधान के लिए कार्य का निरीक्षण किया। सहायक यंत्री श्याम सोनी, ठेकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर रमेश भाई, रोहित भाई, पीडीएमसी इंजीनियर मोहित शर्मा, वैभव शर्मा आदि उपस्थित थे।


2 गुरुवार 15 अप्रेल से बुधवार 21 अप्रेल 2021 - साप्ताहिक उपग्रह रतलाम


# लॉक डाउन में पहली बार नगर निगम ने दिखाई जागरूकता

रतलाम। शीर्षक पढ़कर आश्चर्य में मत पड़िए, क्योंकि बाजार की यही हकीकत है। नगर निगम इन दिनों बाजार क्षेत्र में सीवरेज का काम जोरशोर से करवा रहा है। चूंकि लॉक डाउन होने से आवागमन पूरी तरह बंद है, इसलिए तेजी से काम हो रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि करीब 8 किलोमीटर सीवरेज लाइन डालने के काम को शहर के घनी आबादी और व्यवसाय वाले क्षेत्र में निगम 19 अप्रैल तक पूरा करवा लेगा।

बताया जाता है कि शहर में सीवरेज की कुल जो 8 किमी लंबी लाइन डलना है, उसमें 5 किमी शहरी क्षेत्र में और 3 किमी शहर के बाहरी क्षेत्र में डाली जाना है। भारी यातायात वाले इलाकों में सीवरेज का काम 19 अप्रैल तक पूरा कराने के लिए दिन-रात काम किया जा रहा है। कुल 6 स्थानों पर 6 टीमें एक साथ काम कर रही हैं। 5 स्थानों पर दो तरफ से आ रही लाइन को जोड़कर मेन होल बनाया जाना है, जबकि एक जगह लाइन को रोड क्रॉस करके मुख्य लाइन से जोड़ना है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया स्वयं इस काम का आए दिन निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने ठेकेदार को 19 अप्रैल तक सारे काम पूरा करने का लक्ष्य दिया है। इससे लॉकडाउन खुलने पर शहरवासियों को परेशानी नहीं होगी। शहर में अब तक 273 किमी की सीवरेज लाइन में से 265 लाइन बिछ चुकी हैं। लेकिन इसमें पहले एक किमी लाइन भी लॉक डाउन के दौरान नहीं बिछाई गई। जबकि पिछले साल शहर में दो महीने का लॉक डाउन रहा था। लॉक डाउन में पहली बार निगम का अमला काम करवा रहा है। इससे काम भी जल्द हो रहा है और किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं है।

निगमायुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को सीवरेज लाइन डालने के बाद सड़क के पुनर्निर्माण में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी है। काम के दौरान उन्होंने बैरिकेडिंग कर सूचना वाला फ्लेक्स, इंजीनियर व अन्य के नाम व मोबाइल नंबर लिखने के निर्देश भी दिए हैं। श्री झारिया ने दौलत गंज, गौशाला रोड चौराहा, हाट की चौकी, हाट रोड, महाराणा प्रताप चौक, सैलाना रोड ओवर ब्रिज के पास और साक्षी पेट्रोल पंप के पास चल रहे काम का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक यंत्री श्याम सोनी व ठेकेदार कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# दो दै.वे.भो. कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना पत्र जारी

प्रकाश न्यूज • रतलाम

15-4-2021

कार्य में लापरवाही बरतने व वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी राकेश मेहता व संदीप शर्मा का तीन दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। स्वास्थ्य विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी राकेश मेहता व संदीप शर्मा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य करने से इंकार किया गया व वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना किए जाने पर तीन दिवस का वेतन काटा सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा श्रीमती मोनिका चौहान को वार्ड क्रमांक 8, सतीश चौहान को वार्ड क्रमांक 17, विनोद चावरे को वार्ड क्रमांक 21 व नयन-विजय शिन्दे को वार्ड क्रमांक 37 का वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया।

**आंबेडकर जयंती** • जिलेभर में लॉकडाउन के दौरान भी आयोजन, पुष्पांजलि दी

# 130वीं जयंती पर लिया सेवा का संकल्प

भास्कर अंचल टीम | रतलाम

15-4-2021

लॉकडाउन लगने के चलते अंचल में भारत के संविधान के रचयिता बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की जयंती सीमित लोगों की मौजूदगी में मनाई गई। लोगों ने मूर्ति और चित्र पर माल्यार्पण कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

बाबा

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 03 ...दिनांक 15/03/2021



बावड़ी की सफाई का कार्य प्रगति पर, आयुक्त ने कहा शहर में...

# सीवरेज का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करें

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 15-4-2021

रतलाम नगर के नागरिकों को गंदे पानी की समस्या से मुक्ति दिलाये जाने हेतु नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन का कार्य अंतिम चरण में है, अंतिम चरण शहर में शहर में 7 स्थानों पर चल रहे कार्यों को 19 अप्रैल तक पूर्ण किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कम्पनी के इंजीनियरों को दिये।

कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार शहर में शेष रहे सीवरेज के कार्य को 19 अप्रैल तक पूर्ण कराये जाने के तहत निगम आयुक्त ने स्थलों का निरीक्षण करते हुए सर्वप्रथम साक्षी पेट्रोल पम्प के पास चल रहे कार्य का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने साक्षी पेट्रोल पम्प से राधाकृष्ण मंदिर व टैंकर रोड तक डाली जाने वाली सीवरेज पाईप लाईन के संबंध में आ रही परेशानियों को दूर करने हेतु पूर्व पार्षद के साथ स्थल का निरीक्षण कर समस्या का निराकरण किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने कम्पनी के इंजीनियर को निर्देशित किया कि जहां-जहां सीवरेज का कार्य किया जा रहा है वहां पर नागरिकों की जानकारी के लिये अनिवार्य रूप से फ्लेक्स बैनर लगाया जाये जिस पर कार्य का नाम, स्थान, कार्य आरंभ दिनांक, संभावित कार्य पूर्णता दिनां, पी.डी.एम.सी. इंजीनियर का नाम व प्रोजेक्ट इंजीनियर का नाम अंकित हो।

सैलाना बस स्टैण्ड चौराहे के निरीक्षण के दौरान वहां लाईन बिछने का कार्य पूर्ण पाये जाने पर निगम आयुक्त ने स्थल का समतलीकरण कर पानी डालने व मुरम चुरी डालने व इसके पश्चात नियत समयावधि में रिस्टारेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा चेतक ब्रीज से फर्स्ट चर्च तक का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करने निर्देश संबंधित को दिये। इसके पश्चात निगम आयुक्त ने दो मुंह की बावड़ी का निरीक्षण किया जहां पर सफाई का कार्य प्रगति पर पाया गया। आरोग्य हास्पीटल से नगर निगम तिराहे तक डाली जा रही सीवरेज पाईप लाईन के कार्य के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने निर्देशित किया संसाधनों एवं कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि कर कार्य 19 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। इसी तरह दौलतगंज में गेलेड़ा नमकीन से घांस बाजार तक के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि कार्य में ओर अधिक गति लाई जाये साथ ही खुदाई के दौरान पेयजल पाईप लाईन, नल कनेक्शन व दूरसंचार इत्यादि की केबल क्षतिग्रस्त ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

तोपखाना से चांदनी चौक तक के क्षेत्र में समतलीकरण व पानी डालने व समय सीमा में रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश निगम आयुक्त ने संबंधित को दिये। इसी तरह हाट रोड चौराहा व हाट रोड पुलिस चौकी के पास तथा लोहार रोड चौराहे पर चल रहे कार्य का भी निरीक्षण निगम आयुक्त ने कर कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान खटीक मोहल्ला में वर्षों पुरानी नाली की जाम समस्या के निराकरण हेतु क्रॉस डेऊन कार्य का निरीक्षण किया जहां कार्य प्रगति पर पाया गया।

उक्त अवसर पर सहायक यंत्री श्याम सोनी, ठेकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर रमेश भाई, रोहित भाई, पीडीएमसी इंजीनियर मोहित शर्मा, वैभव शर्मा, पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक, श्रेणिक जैन, पवन शर्मा आदि उपस्थित थे।

गाइडलाइन के उल्लंघन पर सख्ती

# बेवजह सड़कों पर लोग : किसी ने बनाया मंदिर जाने, तो किसी ने दवाई लेने जाने का बहाना

नव-भारत 15-4-2021





रतलाम। शहर में लगातार पांचवें दिन भी संपूर्ण लॉकडाउन जारी है। लॉकडाउन की शुरुआत में जहां आम जनता का समर्थन मिलता दिख रहा था। वहीं, लोग बेवजह सड़कों पर निकलने से बाज नहीं आ रहे हैं। नवरात्रि और रमजान पर लोग घरों से निकलते हुए नजर आए।

## ▸ पुलिस ने 100 से अधिक लोगों का काटा चालान

लॉकडाउन को लेकर लापरवाही करने वाले लोगों को नसीहत देने के लिए एक बार फिर पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ और शहर में अब तक 100 से अधिक लोगों को पर चालानी कार्रवाई की गई है। स्टेशन रोड थाना, माणक चौक थाना और औद्योगिक क्षेत्र थाने की टीमों ने चेकिंग पॉइंट लगाकर लापरवाही बरतने वाले लोगों पर कार्रवाई की है। देर रात भी पुलिस ने चेकिंग पॉइंट लगाकर बेवजह घूमने वालों पर सख्ती दिखाई थी। पुलिस और प्रशासन की सक्रियता के बाद शहर की सड़कों पर एक बार फिर लॉकडाउन का असर देखने को मिलने लगा है।

## अब तक 1 लाख 20 हजार 261 डोज लगाए गए

कोविड 19 से बचाव के लिए जिले में अब तक कुल कोविड वैक्सीन के एक लाख बीस हजार दो सौ इकसठ डोज लगाए जा चुके हैं। इनमें से कुल 11 हजार 945 लोग अपना दूसरा डोज पूर्ण कर चुके हैं जबकि कुल एक लाख आठ हजार तीन सौ सौलह लोगों को कोविड का पहला टीका लगाया जा चुका है। बुधवार को जिले में 99 स्वास्थ्य केन्द्रो पर कोविड का टीकाकरण किया गया। जिसमें कुल 5 हजार 989 लोगों का टीकाकरण किया गया।

वहीं टीका उत्सव के अंतर्गत श्री माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से श्री माहेश्वरी भवन कसारा बाजार पर कोरोना टीकाकरण केंद्र पर अभी तक 1100 लोगो को कोरोना का टीका निःशुल्क लगाया गया। आज विशेष काकानी परिवार के तीनों डॉक्टरों ने एक साथ सेंटर पर आकर टीका लगवाया, साथ ही अंतिम दिन पूर्व महापौर व समाज अध्यक्ष शैलेन्द्र डागा एवं द्वारकादास भंसाली ने दूसरा टीका लगवाया। श्री माहेश्वरी भवन केंद्र पर टीकाकरण व्यवस्था में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष शैलेन्द्र डागा, डॉ बी.एल. तापड़िया, नरेंद्र बाहेती, द्वारकादास भंसाली, पवन सोमानी माधव काकानी, सुनील राठी, महेश भंसाली, द्वारकाधीश धूत, अंकित चांडक, आदित्य डागा, सुरेंद्र सुरेका-जिला संचालक, प्रवीण सोनी आदि उपस्थित रहे।

## पलसोड़ा में हुआ शत-प्रतिशत टीकाकरण

जिले के ग्राम पलसोड़ा में उप स्वास्थ्य केंद्र पर 140 हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया। जय तंवर एएनएम ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र पर 140 हितग्राहियों का टीकाकरण हुआ। ग्राम वैक्सीन का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया गया है। समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायक सचिव तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम का योगदान रहा।

# कोरोना की रोकथाम के लिए आयुष काढ़े का वितरण

नव-भारत 15-4-21



रतलाम। महामारी कोरोना से बचाव के लिए निशुल्क काढ़े का वितरण शहर सराय स्थित श्री लक्ष्मी औषधि भण्डार पर किया जा रहा है।

जिले में बढ़ते कोरोना पर नियंत्रण हेतु जनसामान्य के स्वास्थ्य की रक्षा व कोरोना के दुष्प्रभाव से मुक्ति पाने के लिए कुछ शहर के कुछ निश्चित स्थानों पर घर घर जाकर निशुल्क आयुर्वेदिक काढ़े का वितरण प्रतिदिन किया जा रहा है। इस काढ़े के वितरण में जिला आयुष विभाग आयुर्वेद औषधी विक्रेताओं व संस्थान के संचालक तथा सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके। जनता की सुविधा हेतु शहर के 3 संस्थान पर निशुल्क काढ़े का निर्माण तथा वितरण प्रतिदिन किया जा रहा है। श्री लक्ष्मी औषधि भण्डार के संचालक सुशील शर्मा ने शहर की जनता से इस आयुर्वेदिक आयुष काढ़े का उपयोग कर लाभ लेने की अपील की है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका----पृष्ठ 01 दिनांक 15/04/2021

बंद कर दिया बावड़ी में काम

पत्रिका 15/4/2021

# दो दिन पूर्व शुरू किया था दो मुंह की बावड़ी पर स्वच्छता अभियान, अब बंद



**रतलाम.** नगर निगम ने शहर के दो मुंह की बावड़ी में स्वच्छता अभियान की शुरुआत सोमवार से की थी। दो दिन चलने के बाद कार्य को अब बंद कर दिया है। स्वच्छता किस तरह की हुई, यह क्षेत्रीय रहवासियों को भी नहीं पता है, क्योंकि अब भी बावड़ी में गंदगी व कचरा है। दो दिन में जो कचरा उठाया गया, वो अमरेश्वर महादेव मंदिर की दीवार के सहारे छोड़कर कर्मचारी चले गए।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत कई तरह के नवाचार नगर निगम कर रहा है। निगम ने स्वयं के कार्यालय के सामने स्थित करीब 300 से अधिक वर्ष पूर्व की बावड़ी की सफाई को करना शुरू किया। सोमवार से शुरू की सफाई में दावा किया कि बावड़ी को पूरा साफ किया जाएगा। करीब 10 कर्मचारियों को सफाई के लिए लगाया। सफाई 30 प्रतिशत भी नहीं हुई व इसको बंद कर दिया गया। बुधवार को कोई कर्मचारी सफाई कार्य के लिए नहीं आया। क्षेत्रीय रहवासी नाराज है कि मंदिर की दीवार के सहारे गंदगी को छोड़कर कर्मचारी चले गए है।



इस तरह छोड़ गए कचरा।

बता दे कि नगर निगम आमतौर पर छोटे व बड़े नालों की सफाई तो बारिश पूर्व करता है, लेकिन पहली बार बावड़ी की सफाई का कार्य शुरू किया गया था। जब इस कार्य की शुरुआत हुई तब रहवासियों में प्रसन्नता थी, लेकिन अब काम बंद होने से वो मायूसी में बदल गई है।

बावड़ी की पूरी सफाई करने को कहा जा रहा है। जो कचरा छोड़ा गया है उसको भी हटाने को तुरंत कह रहे है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम